Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 1953 / M-7 / 120 दिनांक : 22-08-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 22.08.2026 में प्रकाशित शीर्षक "फतेहपुर में जल जीवन मिशन पर सवाल:कागजों पर 'हर घर जल', हकीकत में सूखे पड़े नल" के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण दिनांक 22.08.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"फतेहपुर में जल जीवन मिशन पर सवाल: कागजों पर 'हर घर जल', हकीकत में सूखे पड़े नल"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–देवमई अन्तर्गत मुसाफा पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–2) कार्यक्रम अन्तर्गत मे0 गायत्री–रैमकी (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया गया है। वर्तमान में योजना पर ट्यूबवेल, ओ0एच0टी0 पूर्ण, बाउण्ड्रीवाल 95% पूर्ण, पम्प हाउस 95%, वितरण प्रणाली 90% तथा गृह संयोजन 90% पूर्ण है। शासन द्वारा धनावन्टन न होने के कारण कार्य की प्रगति बाधित थी। यथाशीघ्र योजना के अवशेष कार्य पूर्ण कराकर ग्राम में सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करा दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

# फतेहपुर में जल जीवन मिशन पर सवाल: कागजों पर 'हर घर जल', हकीकत में सूखे पड़े नल

सुरेंद्र यादव | देवमई(बिंदकी), फतेहपुर
2 दिन पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us



फतेहपुर जिले के देवमई विकासखंड की ग्राम पंचायत मुसाफा में जल जीवन मिशन योजना सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग 4.64 करोड़ रुपये की इस योजना के तहत कागजों पर 'हर घर जल' के दावे किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत में कई परिवार आज भी नियमित शुद्ध पेयजल के लिए परेशान हैं।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, मुसाफा ग्राम पंचायत के लिए 4.64 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई थी। रिकॉर्ड में अब तक 3.02 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दर्शाया गया है, और 824 परिवारों को नल